माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

केन्द्रीय छात्रवृत्ति फ्रेश वर्ष 2023 व वर्ष 2019 से 2022 तक के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु–

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली की केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। राजस्थान बोर्ड के ऐसे परीक्षार्थी जो **Top 20** पर्सेंटाइल (जिनके प्राप्तांक Gen-377, OBC-377, SC-360, ST-341 या उससे अधिक हों) की श्रेणी में आते हैं, वे 31.12.2023 को (रात्रि 12.00 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ग में दिव्यांगो (PwDs) का 5% आरक्षण है। राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम उच्च माध्यमिक परीक्षा 2023 में **Science, Commerce and Humanities** से परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज/विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन कर रहे विद्यार्थी आवेदन के लिए पात्र हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के National Scholarship Portal के लिंक **www.scholarships.gov.in** पर छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। Top 20 पर्सेन्टाइल राजस्थान बोर्ड द्वारा जारी संवीक्षा पूर्व के परिणाम पर आधारित है। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना ही चयन का आधार नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों का चयन शिक्षा मंत्रालय के निर्धारित मापदंड के अनुसार होगा।

केन्द्रीय छात्रवृत्ति 2022 के लिए चयनित विद्यार्थी प्रथम नवीनीकरण, 2021 के लिए चयनित विद्यार्थी द्वितीय नवीनीकरण, 2020 के लिए चयनित विद्यार्थी तृतीय नवीनीकरण व 2019 के लिए चयनित विद्यार्थी चतुर्थ नवीनीकरण हेतु उपर्युक्त पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। वर्ष 2019 से 2022 के नवीनीकरणों के आवेदन हेतु विद्यार्थी अध्ययनरत पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो या समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण हो अथवा यदि सेमेस्टर प्रणाली है तो दोनों सेमेस्टर में औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। साथ ही आवेदक की उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत हो, विद्यार्थी अनुशासित हो एवं रैगिंग गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो, आवेदन के पात्र हैं। ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नं0 0120–6619540 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** देखी जा सकती है।

नोट :– छात्रवृत्ति के नवीनीकरण हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत का मापदंड MoE द्वारा शैक्षिक सत्र 2018–19 से ही शुरू किया गया है। आवेदक स्वयं का बैंक खाता संख्या ही फॉर्म में भरें क्योंकि फॉर्म सब्मिट होने के बाद परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

सचिव

Cut off for Top 20 Percentile (Before Scrutiny)

Minimum cut off marks Subject and Category wise-2023

ARTS					
S_NO	CATEGORY	TOT_STDN	TOT_MARKS	MIN_CUT_OFF	MIN_PER(%)
1	ARTS/M/GEN	5320	500	377	75.4
2	ARTS/F/GEN	11465	500	377	75.4
3	ARTS/M/SC	8975	500	360	72.0
4	ARTS/F/SC	14072	500	360	72.0
5	ARTS/M/ST	4966	500	341	68.2
6	ARTS/F/ST	8785	500	341	68.2
7	ARTS/M/OBC	18257	500	377	75.4
8	ARTS/F/OBC	38034	500	377	75.4
9	ARTS/M/MINO	729	500	377	75.4
10	ARTS/F/MINO	2034	500	377	75.4

COMMERCE					
S_NO	CATEGORY	TOT_STDN	TOT_MARKS	MIN_CUT_OFF	MIN_PER(%)
1	COMM/M/GEN	1467	500	377	75.4
2	COMM/F/GEN	1631	500	377	75.4
3	COMM/M/SC	250	500	360	72.0
4	COMM/F/SC	264	500	360	72.0
5	COMM/M/ST	61	500	344	68.8
6	COMM/F/ST	69	500	341	68.2
7	COMM/M/OBC	1191	500	377	75.4
8	COMM/F/OBC	1284	500	377	75.4
9	COMM/M/MINO	216	500	377	75.4
10	COMM/F/MINO	278	500	377	75.4

SCIENCE					
S_NO	CATEGORY	TOT_STDN	TOT_MARKS	MIN_CUT_OFF	MIN_PER(%)
1	SCI/M/GEN	8822	500	377	75.4
2	SCI/F/GEN	6888	500	377	75.4
3	SCI/M/SC	7790	500	360	72.0
4	SCI/F/SC	5695	500	360	72.0
5	SCI/M/ST	6878	500	341	68.2
6	SCI/F/ST	5303	500	341	68.2
7	SCI/M/OBC	29434	500	377	75.4
8	SCI/F/OBC	22859	500	377	75.4
9	SCI/M/MINO	764	500	377	75.4
10	SCI/F/MINO	826	500	377	75.4